कार्यालय विधि विज्ञान प्रयोगशाला, उ0प्र0,लखनऊ 226006

पत्रांक–एफएसएल–X–2–125(एस0ओ0पदो0)/2022/1206

दिनांक:अक्टूबर 17, 2022

कार्यवृत्त

उत्तर प्रदेश विधि विज्ञान प्रयोगशाला तकनीकी अधिकारी सेवा नियमावली, 2016 में प्रथम संशोधन के उपरान्त उत्तर प्रदेश विधि तकनीकी अधिकारी सेवा (प्रथम संशोधन) नियमावली–2021 दिनांक 15.09.2021 को प्रख्यापित की गयी। उक्त के क्रम में पहली बार ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायकों की डोमेनवार वरिष्ठता सूची तैयार करने की आवश्यकता पड़ी है। उ0प्र0 विधि विज्ञान प्रयोगशाला तकनीकी अधिकारी सेवा (प्रथम संशोधन) नियमावली–2021, में ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायक से वैज्ञानिक अधिकारी में पदोन्नति हेतु निम्न प्राविधान उल्लिखित है–

"(एक)–आचार विज्ञान के क्षेत्र/प्रक्षेत्र के समस्त पद आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा भरे जायेंगें।

अन्य समस्त पद निम्नानुसार भरे जायेंगे--

(दो)–50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा,

(तीन)–50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायकों, जिन्होंने उस क्षेत्र/प्रक्षेत्र में भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, में से क्षेत्र/प्रक्षेत्र वार पदोन्नति द्वारा।"

उक्त के कम में ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायकों की उनके पोषक संवर्ग सहित डोमेनवार ज्येष्ठता सूची इस कार्यालय के आदेश संख्या–एफएसएल–पदोन्नति(एस0एस0ए0)/2020 दिनांक–21.09.2022 द्वारा अन्तिम रूप से प्रख्यापित की गयी थी जिसके विरुद्ध कतिपय ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायकों के प्रत्यावेदन पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय में प्राप्त हुये हैं। जिसके क्रम में आज दिनांक 17.10.2022 को तकनीकी सेवायें मुख्यालय में अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें मुख्यालय की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गयी थी जिसमें निम्न अधिकारी उपस्थित रहे–

1–अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ।
2–पुलिस उप महानिरीक्षक, तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ।
3–पुलिस अधीक्षक, तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ।
4–अपर पुलिस अधीक्षक, तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ।
5–निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, लखनऊ।

ज्ञातव्य है कि विधि विज्ञान प्रयोगशाला में पूर्व में कोई डोमेन व्यवस्था नहीं रही है। शासनादेश संख्या–823/छः/पु0–9–2004–31(130)2003 दिनांक 24.11.2004 के अन्तर्गत वैज्ञानिकों का अन्तर्रानुभागीय स्थानातंरण किया जाता रहा है। उ0प्र0 विधि विज्ञान प्रयोगशाला तकनीकी अधिकारी सेवा (प्रथम संशोधन) नियमावली–2021 में संशोधन के उपरांत वैज्ञानिक अधिकारी के पद डोमेनवार हो चुके हैं जिनका अन्तर्रानुभागीय स्थानातंरण डोमेन के अन्तर्गत आने वाले अनुभागों में ही किया जा सकेगा।

उक्त बैठक में प्रश्नगत वैज्ञानिक अधिकारी पद पर पदोन्नति हेतु ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायकों की डोमेनवार ज्येष्ठता सूची के संबंध में विस्तृत विचार विमर्श हुआ एवं ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायकों की उनके पोषक संवर्ग में वरिष्ठता का ध्यान रखते हुए ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायकों द्वारा डोमेन के चयन हेतु सम्यक् विचारोपरांत निम्न सिद्धांत निर्धारित किये गये–

1–ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायक के पोषक संवर्ग वैज्ञानिक सहायक में सीधी भर्ती हेतु उ0प्र0 लोक सेवा आयोग/अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जारी की गयी विषयवार (संबंधित डोमेन) चयन सूची के अनुसार उसी डोमेन में रहने का विकल्प चुन सकता है,

अथवा

2–जो भी ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायक उत्तर प्रदेश विधि विज्ञान प्रयोगशाला अराजपत्रित(प्राविधिक) सेवा नियमावली–2016 में वैज्ञानिक सहायक के पद हेतु निर्धारित शैक्षिक योग्यता के अनुसार शैक्षिक अर्हता रखता है तो उक्त स्थिति में शैक्षिक अर्हता के अनुसार डोमेन में रहने का विकल्प चुन सकता है।

अथवा

3–यदि किसी कर्मी को ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायक के पद पर किसी डोमेन में कार्य करने का न्यूनतम अनुभव 02 वर्ष का हो तो वह उस डोमेन का विकल्प चुन सकता है।

अतः तकनीकी सेवायें मुख्यालय द्वारा निर्धारित किये गये सिद्धान्तों के अनुपालन में विधि विज्ञान प्रयोगशाला उ0प्र0 में कार्यरत वैज्ञानिकों को अन्तिम अवसर देते हुये आदेशित किया जाता है कि यदि किसी वैज्ञानिक को उपरोक्त निर्धारित सिद्धांतो के आधार पर अपना डोमेन परिवर्तित कराना है कि तो वह प्रत्येक दशा में दिनांक 31.10.2022 तक अपना प्रत्यावेदन इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, इसके उपरांत प्राप्त प्रत्यावेदन किसी भी दशा में मान्य नहीं होगें। डॉमेन आवंटन के अनुसार प्रत्येक डॉमेन में ज्येष्ठता पोषक संवर्ग वैज्ञानिक सहायक के पद पर निर्धारित की जायेगी। साथ ही इस कार्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत डोमेनवार ज्येष्ठता सूची आदेश संख्या–एफएसएल–पदोन्नति(एस0एस0ए0)/2020/1186–1189 दिनांक–21.09.2022 को निरस्त समझा जाये।

AKMittal
17/10/22
(डा0 अतुल कुमार मित्तल)
निदेशक,

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाये मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।

2– पुलिस उप महानिरीक्षक, तकनीकी सेवाएं मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।

3–पुलिस अधीक्षक/सहायक निदेशक, कम्प्यूटर केन्द्र, तकनीकी सेवाये मुख्यालय को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यवृत्त को ऑनलाइन अपलोड कराने का कष्ट करें।

4–अनु सचिव, गृह (पुलिस) अनुभाग–9, उ0प्र0 शासन।

5–उप निदेशक प्रभारी, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, आगरा/गाजियाबाद/वाराणसी/मुरादाबाद/गोरखपुर/प्रयागराज/झांसी/गोण्डा/अलीगढ़/कन्नौज/बरेली।

6–उप निदेशक, अधिष्ठान, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, उ0प्र0 लखनऊ।

7–नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।